# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 18.03.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दुस्तान, न्यायाधीश, ज्ञानशिखा टाइम्स, तरुणमित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 18.03.2025

### शौचालय और चेंजिंग रूम बनाया जाएगा

**वाराणसी।** अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन के दसवां स्थल पर शौचालय और चेंजिंग रूम और बोरिंग का निर्माण किया जाएगा। इसकी स्वीकृति वीडीए की ओर से की गई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार इस पर 43,83,991 रुपये खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को साफ-सफाई, जल आपूर्ति बेहतर तरीके से होगी। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 18.03.2025

### वीडीए 15 दसवां स्थल पर बढ़ाएगा सुविधा

जेपी पांडेय • जागरण

- अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाचमोचन स्थल का चयन कर 35 लाख रुपये किए अवमुक्त
- शौचालय, सेफ्टी टैंक, चेंजिंग रूम बनेगा, पेयजल के लिए कराई जाएगी बोरिंग
- दसवां स्थल की जमीन कब्जा करने और उसे बेचने के मामले आए सामने



दसवां स्थल के सुंदरीकरण के लिए प्रस्तावित माडल • जागरण



पारंपरिक स्थल को संरक्षित करने और दसवा स्थल पर आने वाले परिजनों की सुविधा के लिए पहले चरण में 15 स्थलों पर सुंदरीकरण कराया जाएगा। फिलहाल तीन स्थानों पर बजट स्वीकृत कर जल्द काम शुरू किया जाएगा।

–पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष, वीडीए

**वाराणसी :** दसवां स्थल पर सभी सुविधा मुहैया कराने को लेकर विकास प्राधिकरण ने बड़ी पहल करते हुए पारंपरिक स्थलों का निरीक्षण कर सूची बनाना शुरू कर दिया है। पहले चरण में 15 दसवां स्थलों का सुंदरीकरण कराया जाएगा, जहां शौचालय, सेफ्टी टैंक, चेंजिंग रूम, बैठने की व्यवस्था होगी। पेयजल के लिए बोरिंग कराई जाएगी। फिलहाल अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन स्थल का चयन करते हुए 35 लाख 90,598 रुपये अवमुक्त कर दिया है। जल्द ही इन स्थलों पर निर्माण कार्य शुरू कराया जाएगा।

हर गांव, मोहल्ले और कालोनी के पास सार्वजनिक स्थल पर दसवां स्थल होता है। यहां परंपरा के मुताबिक लोग अपने सिर के बाल बनवाने के साथ पूजापाठ करते हैं। कुछ लोग दसवां स्थल की जमीन पर कब्जा करने के साथ बेच दे रहे हैं। प्रमुख स्थलों पर कब्जा करने के साथ दसवां स्थल से शुल्क की अपेक्षा रखते हैं या संबंधित पंडित से पूजा नहीं कराने पर वे विरोध करते हैं। जिलाधिकारी समेत अन्य राजस्व अधिकारियों के यहां दसवां स्थल पर कब्जा करने की कई शिकायतें लंबित पड़ी हैं। इस तरह की कुछ शिकायतें वाराणसी विकास प्राधिकरण में पहुंचीं तो वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने अधीनस्थों संग चर्चा कर निर्णय लिया कि दसवां स्थल का सुंदरीकरण कराकर पारंपरिक स्थल को सुरक्षित रखा जा सकता है।

#### राजस्व कर्मियों और जनप्रतिनिधियों से लें सहयोग

वीडीए उपाध्यक्ष ने निर्माण इकाई के अभियंता वर्ग को निर्देश दिया कि वे राजस्व कर्मियों संग स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मिलकर दसवां स्थल को चिह्नित करें। सूची बनने के साथ पहले चरण में 15 दसवां स्थल पर सुंदरीकरण का काम कराया जाए। इन स्थानों पर काम पूरा होने के बाद दूसरे चरण में अन्य स्थलों को लिया जाएगा।

## हिन्दुस्तान–दि0 18.03.2025

### 44 लाख से तीन दसवां स्थलों पर होगा निर्माण

वाराणसी। वीडीए प्रशासन 44 लाख रुपये से राजा बाजार स्थित अहिराना गली, नदेसर स्थित लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन के दसवां स्थल पर जनसुविधाओं से जुड़े निर्माण कार्य कराएगा। इन स्थलों पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिग रूम और बोरिंग कराई जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कहा कि ₹43 लाख 83 हजार 991 रुपये लागत से क्षेत्र में स्वच्छता और जल आपूर्ति के लिए काम होगा।

## न्यायाधीश–दि0 18.03.2025

### वीडीए द्वारा शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग निर्माण कार्य की स्वीकृति

वाराणसी ।वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन के दसवां स्थल पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग का निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की ङकुल लागत 43,83,991.00(43 लाख 83 हजार 991 रु0) है, और यह कार्य क्षेत्र में स्वच्छता और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण सुधार करेगा।इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को साफ-सफाई, जल आपूर्ति और बेहतर परिवहन जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002
Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## ज्ञानशिखा टाइम्स–दि0 18.03.2025

### वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग निर्माण कार्य की स्वीकृति

वाराणसी । विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन के दसवां स्थल पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग का निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत ?43,83,991.00 (43 लाख 83 हजार 991 रु0.) है, और यह कार्य क्षेत्र में स्वच्छता और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण सुधार करेगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को साफ-सफाई, जल आपूर्ति और बेहतर परिवहन जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।

## तरूणमित्र न्यूज–दि0 18.03.2025

### वीडीए द्वारा शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग निर्माण कार्य की स्वीकृति

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार अहिराना गली, लक्ष्मी घाट और पिशाच मोचन के दसवां स्थल पर शौचालय, सेप्टिक टैंक, चेन्जिंग रूम और बोरिंग का निर्माण कार्य को स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की कुल लागत 43,83,991.00(43 लाख 83 हजार 991 रु0) है और यह कार्य क्षेत्र में स्वच्छता और जल आपूर्ति में महत्वपूर्ण सुधार करेगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद क्षेत्रवासियों को साफ-सफाई, जल आपूर्ति और बेहतर परिवहन जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने इस कार्य को सफल बनाने के लिए स्थानीय जनता से सहयोग की अपील की है।